राष्ट्रीय संस्करण

CopyRight - Jagran.com

सट्टेबाजी से लिंक में शाकिब पर दो साल की पाबंदी

>>14

दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 141

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, बुधवार, 30 अक्टूबर 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 16

सरोकार

मप्र में सैकड़ों महिलाओं की प्रेरणा बनी यह किसान बिटिया

धार : मध्य प्रदेश के धार जिले की 24 वर्षीय रंजना वास्केल ने दो साल के परिश्रम और सूझबूझ से न केवल पिता की 4 बीघा जमीन को मुनाफे का सौदा बना दिया, बल्कि 7 गांवों की सैकड़ों महिलाओं को खेती में सक्रिय भागीदारी के लिए तैयार कर दिया है। (पेज-11)

जागरण विशेष

आग से बचाएगा 'द फायर वॉरियर' नामक रोबोट

मंडी : बहुमंजिला भवनों में अब आग बुझाना आसान होगा। आइआइटी मंडी, के प्रशिक्षुओं ने द फायर वॉरियर नाम से फायर फाइटिंग रोबोट तैयार किया है, जो आग बुझाने व भवन में फंसे लोगों को तलाश करने में मदद करेगा। (पेज-10)

कुलगाम में पांच गैर कश्मीरी मजदूरों की हत्या

नरसंहार ▸ यूरोपीय सांसदों के कश्मीर दौरे के पहले दिन आतंकियों ने दिया हत्याकांड को अंजाम, जान गंवाने वाले श्रमिक बंगाल के

ईयू प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों और नेताओं से ली हालात की जानकारी

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

कश्मीर के हालात का जायजा लेने पहुंचे यूरोपीय संघ के 23 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के पहले दिन मंगलवार को अपने झूठ की पोल खुलने से हताश पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने कुलगाम में बड़ा नरसंहार कर दिया। आतंकियों ने पांच गैर कश्मीरी मजदूरों की हत्या कर दी, जबकि एक मजदूर की हालत गंभीर है। मारे गए सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के रहने वाले हैं। यही नहीं, पाक परस्त अलगाववादियों व आतंकियों ने यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान कश्मीर में जबरन बंद करवाकर पथराव किया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। इस बीच, ट्रक चालकों की हत्या को देखते हुए प्रशासन ने ट्रकों को जम्मू व ऊधमपुर में ही रोक दिया है।

कश्मीर में ईयू के दौरे के दौरान कई स्थानों पर अलगाववादी तत्वों ने पत्थरबाजी की। **जागरण**

कुलगाम से मिली सूचना के अनुसार, मंगलवार शाम को स्वचालित हथियारों से लैस पांच से छह आतंकी कतरस्सु गांव में दाखिल हुए। उन्होंने गांव के बाहरी छोर पर रह रहे गैर कश्मीरी मजदूरों के डेरे पर दस्तक दी और सात लोगों को अपने साथ चलने को कहा। वहां से कुछ ही दूर चलने पर आतंकियों ने मजदूरों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियां लगते ही सभी श्रमिक जमीन पर गिर पड़े। उन्हें मरा समझकर आतंकी वहां से चले गए। आतंकियों के जाने के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित करते हुए खून से लथपथ पड़े सभी श्रमिकों को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पांच श्रमिकों को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल जहीरूदीन नामक मजदूर को इलाज के लिए श्रीनगर लाया गया है। मृतकों की पहचान समरूद्दीन, शेख मोहम्मद रफीक, नसीमुद्दीन, रफीक उल शेख और शेख मुर्सलीन के रूप में हुई है।

नरसंहार के बाद घाटी में तनाव : मजदूरों की हत्या के बाद पूरी घाटी में तनाव है। अभी किसी भी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षाबलों ने हत्यारे आतंकियों को मार गिराने का अभियान छेड़ दिया है। देर शाम तक कुलगाम सहित पूरे कश्मीर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया।

तेरह साल बाद इतना बड़ा हत्याकांड : करीब 13 साल बाद यह पहला मौका है जब आतंकियों ने एक साथ दो या उससे ज्यादा संख्या में गैर कश्मीरी लोगों की हत्या की हो। इससे पूर्व 26 जून 2006 को आतंकियों ने कुलगाम के ही बुदरू इलाके में नौ श्रमिकों की गोली मारकर हत्या की थी। जबकि, अगस्त 2000 में आतंकियों ने अनंतनाग जिले के मीर बाजार में 19 और मीर नौगाम में सात श्रमिकों को मार डाला था।

दौरे से एक दिन पहले भी किए दो हमले : आतंकवादियों ने सोमवार को भी कश्मीर में दो हमले किए थे। उत्तरी कश्मीर के सोपोर इलाके में किए गए ग्रेनेड हमले में 20 लोग घायल हो गए थे। वहीं, बिजबिहाड़ा में दहशतगर्दों ने एक ट्रक चालक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।



कुलगाम क्षेत्र में आतंकियों द्वारा पांच गैर कश्मीरी मजदूरों की हत्या किए जाने की घटना के बाद प्रशासन ने श्रीनगर जाने वाले सभी ट्रकों को जम्मू और उधमपुर में हाईवे पर ही रोक दिया है। **जागरण**

जम्मू व ऊधमपुर में रोके गए ट्रक

कश्मीर घाटी जाने वाले ट्रकों को सुरक्षा देने में नाकाम रही सरकार ने जम्मू व उधमपुर में ही ट्रकों को रोक दिया है। ट्रकों को एक नवंबर तक रोके रखने का आदेश जारी किया गया है। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हजारों ट्रक खड़े हो गए। इनमें से अधिकतर ट्रक चालक दक्षिण कश्मीर में फलों की सप्लाई लेने जाने वाले हैं।

पाकिस्तान की खोली पोल

इससे पहले, 23 सदस्यीय यूरोपीय सांसदों के दल के सामने सेना, प्रशासन के अफसरों, नेताओ व नागरिक संगठनों से जुड़े लोगों ने घाटी में अशांति फैलाने के लिए पाक की नापाक हरकतों का ब्योरा रखा। पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद पहली बार विदेशी प्रतिनिधिमंडल दौरे पर आया है। बादामी बाग स्थित सेना की चिनार कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लो व अन्य अफसरों ने बताया कि पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद व इस्लामिक जिहाद को बढ़ावा देने में लगा है। वह निरंतर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है।

कूटनीतिक महत्व है दौरे का

कश्मीर के मुद्दे पर दुनियाभर में पाकिस्तान को अलग-थलग करने के बाद मोदी सरकार यूरोपीय सांसदों का कश्मीर दौरा कराने में सफल रही है। इसे मोदी सरकार की बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि जो सांसद आए हैं वे अपने-अपने देशों में दक्षिणपंथी विचारधारा के हैं। (पेज 6 भी देखें)

न्यूज गैलरी

राज-नीति ▸ पृष्ठ 3

रक्षा तकनीकी सहयोग होगा 'टू प्लस टू' वार्ता के केंद्र में

नई दिल्ली : भारत-अमेरिका के बीच दिसंबर में होने वाली 'टू प्लस टू' वार्ता में रक्षा तकनीकी सहयोग केंद्र में होगा। डिफेंस टेक्नोलॉजी एंड ट्रेड इनिशिएटिव की गत सप्ताह हुई बैठक में फैसला किया गया कि अब संयुक्त तौर पर विकसित होने वाले उपकरणों को लेकर समयबद्ध व स्पष्ट लक्ष्यों के साथ काम किया जाएगा।

नेशनल न्यूज ▸ पृष्ठ 7

बंगाल में भाजपा के 'मिशन एनआरसी' को मिला बल

कोलकाता : राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट से यह बात साफ हो गई है कि बंगाल में विदेशी अपराधियों की संख्या बढ़ी है। इसमें भी सबसे ज्यादा बांग्लादेशी अपराधी हैं। यही वजह है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार यहां भारतीय राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू कर विदेशी घुसपैठियों को खदेड़ने की योजना बना रही है।

बिजनेस ▸ पृष्ठ 12

सचिवों की समिति टेलीकॉम उद्योग की चिंता का हल खोजेगी

नई दिल्ली : स्पेक्ट्रम लाइसेंस फीस और यूसेज चार्ज पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हलकान टेलीकॉम उद्योग की चिंताओं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है। सचिवों की यह समिति उद्योग की मांगों के साथ वित्तीय पैकेज की संभावनाओं पर विचार करेगी।

अंतरराष्ट्रीय ▸ पृष्ठ 13

अस्पताल में भर्ती नवाज शरीफ की हालत बेहद नाजुक

लाहौर : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (69) की हालत बेहद नाजुक है। नवाज शरीफ के निजी चिकित्सक डॉ अदनान खान ने कई ट्वीट कर बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने कहा कि कम प्लेटलेट्स काउंट और दिल का दौरा पड़ने के कारण नवाज शरीफ की किडनी भी ठीक से काम नहीं कर रही। उनका वजन भी सात किलो घट गया है।

भारत में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करें सऊदी कंपनियां : मोदी

रियाद, प्रेट्र : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सऊदी अरब की कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अगले पांच साल में इस क्षेत्र में 100 अरब डॉलर (करीब सात लाख करोड़ रुपये) के निवेश का लक्ष्य तय किया है।

'दावोस इन द डेजर्ट' सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर निवेश का प्रस्ताव देता है। मोदी के अनुसार भारत का लक्ष्य अगले पांच साल में पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है। लिहाजा सरकार की योजना बुनियादी ढांचा क्षेत्र में ही अगले पांच साल में 105 लाख करोड़ रुपये के निवेश की है।

कारोबारी माहौल सुधारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि विश्व बैंक की ईज ऑफ डूईंग बिजनेस रैंकिंग, लॉजिस्टिक परफॉरमेंस इंडेक्स और इनोवेशन इंडेक्स में भारत की स्थिति में सुधार हुआ है। जबकि भारत के कर ढांचे और बौद्धिक संपदा अधिकारों की व्यवस्था को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। सऊदी कारोबारियों से भारत के स्टार्टअप मूवमेंट का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए मोदी ने कहा कि स्टार्टअप के लिए माहौल के मामले में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और निवेशकों को सबसे ज्यादा रिटर्न का प्रस्ताव करता है।

पीएम ने कहा, भारत अगले तीन-चार साल में 40 करोड़ लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देगा। उनका कहना था कि अंतरराष्ट्रीय समझौतों को सिर्फ वस्तुओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उनमें श्रम संसाधन और प्रतिभा आवाजाही को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर स्कीम ने सरकार को 20 अरब डॉलर (1.5 लाख करोड़ रुपये) बचाने में मदद की है।

संयुक्त राष्ट्र में सुधारों पर दिया जोर : प्रधानमंत्री मोदी ने इसी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र में 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुसार सुधारों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देशों ने संयुक्त राष्ट्र को विवाद सुलझाने की संस्था के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि कुछ कानून का पालन नहीं करते, कुछ कानून के बोझ तले दबे हैं। दुनिया को कानून का पालन करना होगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का विवाद सुलझाने की संस्था के रूप में उस तरह विकास नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था। सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र की संचरना में सुधार के बारे में सोचना चाहिए। सम्मेलन में मुख्य संबोधन देने वाले मोदी ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र केवल एक संस्था नहीं होना चाहिए, बल्कि सकारात्मक बदलाव के लिए एक साधन भी होना चाहिए। हमें यह सोचना होगा कि जब संघर्षों के समाधान की बात आती है तो क्या संयुक्त राष्ट्र ने अपनी भूमिका सही परिप्रेक्ष्य में अदा की है। मैंने संयुक्त राष्ट्र के 70 साल पूरे होने पर यह मुद्दा उठाया था, लेकिन इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। उम्मीद है कि इस पर संयुक्त राष्ट्र के 75 साल पूरे होने पर ज्यादा चर्चा होगी।'

'दावोस इन द डेजर्ट' में किंग की भेंट पेज>>3

सऊदी अरब की राजधानी रियाद में फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनीशिएटिव-2019 के सत्र को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी। एनएनआइ

ग्लोबल इकोनॉमी काफी हद तक भारत जैसे देशों पर निर्भर

रियाद : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के 'असंतुलन' को आर्थिक अनिश्चितता की वजह बताया है। उन्होंने कहा, ग्लोबल इकोनॉमी काफी हद तक भारत और सऊदी अरब जैसे विकासशील देशों द्वारा तैयार किए गए 'मार्ग' पर निर्भर है। हाल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा था कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद और अन्य वैश्विक विवादों की वजह से इस साल वैश्विक वृद्धि दर तीन फीसद रहेगी जो 2018 में 3.6 फीसद थी। दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार रात सऊदी अरब पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का एक साक्षात्कार मंगलवार को 'अरब न्यूज' में प्रकाशित हुआ है। (पेज-3)

महाराष्ट्र में भाजपा-सेना के बीच तेज हुआ सत्ता संघर्ष

फड़नवीस बोले, 50-50 का कोई वादा नहीं, उद्धव ने रद की अमित शाह के साथ बैठक

राज्य ब्यूरो, मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के यह कहने के बाद कि शिवसेना के साथ 50-50 फॉर्मूले (ढाई-ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री) पर कभी कोई बात नहीं हुई, शिवसेना ने भाजपा के साथ मंगलवार देर शाम होने वाली बैठक टाल दी। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री अपने शब्दों से पीछे हट रहे हैं तो बैठक करके क्या फायदा? सीएम के बयान के बाद महाराष्ट्र में सरकार बनने का रास्ता जल्द साफ होता दिखाई नहीं दे रहा क्योंकि भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने बुधवार को मुंबई आने का कार्यक्रम रद कर दिया है, लिहाजा उद्धव से उनकी मुलाकात नहीं होगी। इस बीच, बुधवार को भाजपा विधानमंडल दल की बैठक होगी, इसके लिए शाह ने नरेंद्र सिंह तोमर व अविनाश राय खन्ना को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस का उक्त बयान मंगलवार दोपहर पत्रकारों के साथ एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान आया। इसमें उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ स्वयं उनकी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की बैठक के दौरान 50-50 फॉर्मूले की कोई बात नहीं उठी थी। यह पूछे जाने पर कि क्या शाह ने उद्धव को ऐसा कोई आश्वासन दिया है, फड़नवीस ने कहा कि उन्होंने भी उद्धव को ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पर कोई आश्वासन नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि किसी को इस पर संदेह नहीं होना चाहिए कि अगले पांच वर्ष फिर से भाजपानीत सरकार नहीं बनने जा रही। मुख्यमंत्री ने शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में छप रही खबरों एवं संपादकीय पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वह इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेते। 'सामना' की भूमिका संबंधों को पटरी से उतारने वाली रहती है। शिवसेना के साथ औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों तरह की बातचीत जारी है।

मुंबई में मंगलवार को दो निर्दलीय विधायकों ने समर्थन पत्र सीएम देवेंद्र फड़नवीस को सौंपा। एएनआइ

यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा उपमुख्यमंत्री का पद शिवसेना को देगी? फड़नवीस ने कहा, उचित समय पर आपको पता चल जाएगा। मुख्यमंत्री कौन होगा? इसके जवाब में फड़नवीस ने कहा कि अब भी कोई शक है आपको? पीएम खुद इसकी घोषणा कर चुके हैं। अब सिर्फ औपचारिकता बाकी है।

फड़नवीस के बयान पर शिवसेना की तीखी प्रतिक्रिया कुछ ही देर में देखने को मिल गई। मुख्यमंत्री का यह बयान सार्वजनिक होने के बाद शिवसेना के राज्यसभा सदस्य और 'सामना' के कार्यकारी संपादक संजय राउत तुरंत तो कोई प्रतिक्रिया देने से बचते रहे लेकिन कुछ देर बाद ही बाकायदा संवाददाता सम्मेलन बुलाकर उन्होंने उद्धव के हवाले से जानकारी दी कि मंगलवार शाम सरकार गठन को लेकर भाजपा के साथ होने वाली बैठक शिवसेना ने रद कर दी है। उनके अनुसार जब सीएम अपनी कही बात से पीछे हट रहे हैं तो बैठक का क्या लाभ? राउत ने सवाल उठाया कि जब लोकसभा चुनाव से पहले ऐसी कोई बात हुई ही नहीं तो उस समय गठबंधन हुआ कैसे? इसका उत्तर सीएम दें।

मुख्यमंत्री की वीडियो क्लिप वायरल पेज>>4

574 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पैलान ग्रुप का मालिक गिरफ्तार

कोलकाता : चिटफंड घोटालों की जांच कर रही सीबीआइ ने मंगलवार को पैलान ग्रुप के मालिक अपूर्व साहा को गिरफ्तार कर लिया। ग्रुप पर चिटफंड के जरिये गैर कानूनी रूप से आम लोगों से 574 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। मंगलवार को तीन घंटे पूछताछ के बाद सीबीआइ ने साहा को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो, सारधा, रोजवैली घोटाले की जांच के दौरान सीबीआइ को पैलान समेत कई अन्य कंपनियों के नाम की जानकारी मिली थी। (पेज-5)

अमेरिका का दावा : बगदादी का उत्तराधिकारी भी ढेर

वाशिंगटन : आतंकी संगठन इस्लामिक इस्टेट (आइएस) के सरगना अबू बकर अल बगदादी को ढेर करने के बाद अब उसके पहले नंबर के उत्तराधिकारी को भी ढेर कर दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके इस बात की पुष्टि की है। माना जा रहा था कि बगदादी के बाद आतंकी संगठन की कमान अब्दुल्लाह कार्दश को सौंप दी गई थी। ट्रंप ने मारे गए आतंकी का नाम नहीं बताया है। (पेज-13)

आतंकवादियों के निशाने पर राष्ट्रपति, पीएम, अमित शाह और विराट कोहली

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- नए आतंकी संगठन ऑल इंडिया लश्कर-ए-तैयबा के नाम से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को भेजी चिट्ठी
- राज्यपाल सत्यपाल मलिक, केंद्रीय मंत्री राजनाथ, सीतारमण, नड्डा, आडवाणी और संघ प्रमुख भागवत पर भी खतरा
- भारत पर आतंकी हमलों की जिम्मेदारी से बचने के लिए दुनिया की आंख में धूल झोंकने की तैयारी

आतंकी फंडिंग के आरोपों में घिरे पाकिस्तान ने दुनिया की आंख में धूल झोंकने के लिए नया पैंतरा चला है। इसके लिए खुफिया एजेंसी आइएसआइ ने नए आतंकी संगठन 'ऑल इंडिया लश्कर-ए-तैयबा' का नाम आगे किया है। साजिश ये है कि आने वाले समय में भारत में होने वाले आतंकी हमलों की जिम्मेदारी नए संगठन पर डाल दी जाए। ताकि लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को बचाया जा सके। नए आतंकी संगठन ने अपनी हिट लिस्ट भी जारी की है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का भी नाम शामिल है। आतंकी हिट लिस्ट में पहली बार किसी क्रिकेटर का नाम आया है।

ध्यान देने की बात है कि आतंकी फंडिंग को लेकर पाकिस्तान पर एफएटीएफ की काली सूची में डाले जाने की तलवार लटक रही है और फिलहाल उसे तीन महीने का समय दिया गया है। पाकिस्तान पर लश्कर और जैश-ए-मुहम्मद जैसे आतंकी संगठनों व उनके आकाओं के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ उसकी फंडिंग बंद करने का दबाव है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि एफएटीएफ की काली सूची से बचने के लिए पाकिस्तान ने नई चाल चली है।

ऑल इंडिया लश्कर-ए-तैयबा को पहचान देने के लिए इसकी ओर से बाकायदा एनआइए को धमकी भरा पत्र भी भेजा गया है। इसके भेजने वाले के नाम की जगह ऑल इंडिया लश्कर-ए-तैयबा हाई पावर कमेटी, कोझीकोड, केरल लिखा हुआ है। इसमें कहा गया है कि कश्मीर में भारतीय फौज के हाथों मारे गए साथियों का बदला लेने के लिए एक दर्जन विशिष्ट लोग उसकी हिट लिस्ट में हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, क्रिकेट कप्तान विराट कोहली के साथ-साथ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और संघ प्रमुख मोहन भागवत का नाम शामिल है। एनआइए ने खत मिलने के बाद सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है।

प्रतिभा को सम्मान

हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू की सूची में शांतनु नारायण, अजय बंगा व सत्य नडेला छाए, एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग को मिला है पहला स्थान

दुनिया के 10 बेहतरीन सीईओ में तीन भारतीय मूल के

न्यूयॉर्क, प्रेट्र : ग्लोबल कंपनियों में भारतीय प्रतिभाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने की वजह कुछ और नहीं, बल्कि उनकी मेहनत, लगन और उनसे हासिल नतीजे हैं। हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू (एचबीआर) की इस वर्ष की सूची से यह बात एक बार फिर साबित होती है। एचबीआर द्वारा जारी दुनिया के बेहतरीन सीईओ की इस वर्ष सूची में शीर्ष 10 में भारतीय मूल के तीन दिग्गजों को जगह दी गई है। इनमें एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, मास्टरकार्ड के सीईओ अजय बंगा और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला शामिल हैं। एचबीआर द्वारा बनाई गई 'द बेस्ट-परफॉर्मिंग सीईओ इन दि वर्ल्ड, 2019' नाम की इस सूची में 100 मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को उनके प्रदर्शन के क्रम में रखा गया है।

इस सूची में पहला स्थान अमेरिका की टेक्नोलॉजी कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग को दिया गया है। शांतनु नरायण को छठा, अजय बंगा को सातवां और नडेला को सूची में नौवां स्थान मिला है। इसमें एक और भारतीय मूल के अधिकारी पीयूष गुप्ता को 89वां स्थान मिला है। वह डीबीएस बैंक के सीईओ हैं।

एपल के सीईओ टिम कुक को इस सूची में 62वें स्थान पर रखा गया है। वहीं नाइकी के सीईओ मार्क पार्कर को 20वां स्थान मिला है। जेपी मोर्गन चेज के मुखिया जेमी डिमॉन 23वां स्थान पाने में सफल रहे हैं। वहीं लॉकहिड मॉर्टिन की सीईओ मर्लिन हिवसन को 37वां स्थान मिला है।

एचबीआर ने कहा है कि 2015 के बाद से इस सूची को बनाते समय वित्तीय प्रदर्शन के साथ पर्यावरण, समाजिक और प्रशासनिक (ईसीजी) क्षेत्र में किए गए प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जाता है। इसकी सत्यता इस बात से साबित होती है कि वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस 2014 तक लगातार इस सूची में पहले स्थान पर रहते थे। लेकिन इस बार ईसीजी में कम अंक पाने के चलते वह सूची में स्थान बनाने में नाकाम रहे।

उद्योग जगत के इन दिग्गजों ने यूं हासिल किया मुकाम

शांतनु नारायण

दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एपल इंक से कैरियर की शुरुआत करने वाले और पिक्ट्रा नाम की डिजिटल फोटो शेयरिंग कंपनी के सह-संस्थापक नारायण वर्ष 1998 से टेक्नोलॉजी कंपनी एडोब में हैं। उन्हें वर्ष 2007 में कंपनी का सीईओ नियुक्त किया गया था। वे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के मैनेजमेंट एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं।

अजय बंगा

वर्ष 1981 में एफएमसीजी कंपनी नेस्ले से कैरियर की शुरुआत करने वाले अजयपाल सिंह बंगा पेप्सिको होते हुए मास्टरकार्ड में आए। वहां अप्रैल, 2010 में सीईओ घोषित होने से पहले उन्होंने काफी समय तक प्रेसिडेंट व सीओओ के रूप में सेवा दी। वे यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के चेयरमैन भी हैं।

सत्य नडेला

पिछले 27 वर्षों से माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े सत्य नारायण नडेला सबसे प्रतिष्ठित और मशहूर भारतीय अमेरिकी सीईओ में शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट में क्लाउड कंप्यूटिंग से लेकर रिसर्च व डेवलपमेंट तक में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नडेला को फरवरी, 2014 में कंपनी का सीईओ नियुक्त किया गया था।

दिल्ली-एनसीआर में खतरनाक स्तर पर पहुंचा प्रदूषण, गाजियाबाद की स्थिति सबसे खराब

मंगलवार को दिन के 1:30 बजे धुंध की चपेट में कनाट प्लेस का पूरा इलाका। संजय

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को दिनभर स्मॉग की चादर छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रदूषण मॉनीटरिंग स्टेशन में एयर इंडेक्स खतरनाक श्रेणी में दर्ज हुआ, जो सोमवार को बहुत खराब श्रेणी में था। इसमें गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हालत सबसे ज्यादा खराब है। सोमवार को प्रदूषण का स्तर दिल्ली में 368 दर्ज किया गया था। मंगलवार को यह 400 तक पहुंच गया, जो कि खतरनाक श्रेणी में आता है। दिल्ली-एनसीआर में गाजियाबाद में सबसे अधिक प्रदूषण दर्ज किया गया, जहां एयर इंडेक्स 446 दर्ज हुआ। नोएडा में यह 439 रहा। (पेज-2 भी देखें)